# लाभकारी खेती के लिए 4 जिलों का रोडमैप तैयार

**हर ब्लॉक में बनेंगे बीज ग्राम**

- बेहतर बीज से 20% तक बढ़ेगा उत्पादन

**एमपी में बनेगा क्लीन प्लांट सेंटर**

- कस्टम हायरिंग सेंटर और मशीन बैंक भी बनेंगे



**रायसेन, 12 अप्रैल. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन किसानों को एक बड़ी सौगात देते हुए सीहोर, रायसेन, विदिशा और देवास, इन चार जिलों का समग्र कृषि रोडमैप जारी किया. इस अवसर पर उन्होंने इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल का निरीक्षण किया और फसल बीमा व एकीकृत खेती पर आयोजित सत्र में किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ पशुपालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन और जैविक खेती अपनाने की सलाह दी, ताकि कम लागत में अधिक लाभ मिल सके.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह महोत्सव केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि कृषि व्यवस्था में सुधार का गंभीर प्रयास है. चारों जिलों के लिए तैयार रोडमैप को जमीन पर लागू किया जाएगा और केंद्र व राज्य की योजनाओं के समन्वय से किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा. उन्होंने किसानों से स्थानीय मिट्टी, जलवायु और संसाधनों के अनुसार वैज्ञानिक खेती अपनाने का आग्रह किया.

इस कृषि रोडमैप में जल प्रबंधन, फसल विविधीकरण और वैल्यू एडिशन पर विशेष जोर दिया गया है. पारंपरिक फसलों पर निर्भरता कम कर टमाटर, प्याज, लहसुन, भिंडी, शिमला मिर्च, अनार, ड्रैगन फ्रूट और एवोकाडो जैसी फसलों को बढ़ावा देने की बात कही गई. साथ ही भूजल स्तर में गिरावट और मृदा स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों से निपटने पर भी फोकस किया गया है.

कार्यक्रम में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सोईल मोबाइल एप्प लॉन्च किया गया, जिससे किसान खेत में खड़े होकर ही खाद और उर्वरक की सही मात्रा की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे. इसके अलावा हर ब्लॉक में 'बीज ग्राम' विकसित करने की योजना भी घोषित की गई, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले बीज स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें और उत्पादन में वृद्धि हो.

शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की सुविधा के लिए क्लीन प्लांट सेंटर, मशीन बैंक और कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने पर भी जोर दिया. उन्होंने कोल्ड स्टोरेज, पैक हाउस और कोल्ड चेन के विस्तार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा. साथ ही किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत कर प्रसंस्करण के माध्यम से आय बढ़ाने पर भी बल दिया गया.

### उत्पादन पर्याप्त नहीं, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ प्रोसेसिंग भी जरूरी : पटेल

प्रहलाद सिंह पटेल ने रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन एफपीओ मीट में कहा कि केवल उत्पादन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ उसकी प्रोसेसिंग भी जरूरी है. इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकता है और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है. रायसेन के दशहरा मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान, ऐदल सिंह कंषाना, प्रभुराम चौधरी सहित जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए. मंत्री पटेल ने बताया कि एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) छोटे किसानों को एक मंच पर लाकर उन्हें सामूहिक शक्ति प्रदान करता है. इससे किसान बीज, खाद और कीटनाशक सस्ती दरों पर प्राप्त कर सकते हैं और बिचौलियों से मुक्ति मिलती है.

# बिजली कंपनी ने दिया नपा को 2 करोड़ का झटका




**शिवपुरी, 12 अप्रैल. शहर में मड़ीखेड़ा जल आवर्धन योजना लागू होने के बाद जिन 65 बोरवेलों को डेढ़ साल पहले बंद कर दिया गया था, बिजली कंपनी आज भी उनका बिल वसूल रही है.**

नगर पालिका शिवपुरी ने

**बोरवेल बंद, बिल चालू**

करीब 18 महीने पहले बिजली कंपनी को उन 65 नलकूपों की सूची सौंपी थी, जो अब उपयोग में नहीं हैं या ड्राई हो चुके हैं.

नियमत: इनके कनेक्शन कट जाने चाहिए थे, लेकिन विभाग की फाइलों में ये आज भी 'जीवित' हैं. बंद बोरवेलों का हर महीने करीब 12 लाख रुपए से अधिक का बिल बन रहा है. पिछले डेढ़ साल में बिजली कंपनी नगर पालिका के खाते से 2 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वसूल चुकी है.

चौंकाने वाली बात यह है कि यह भुगतान नगर पालिका खुद नहीं करती, बल्कि भोपाल स्तर पर शासन से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से सीधे काट लिया जाता है,इससे कर्मचारियों को वेतन के लाले पड रहे है. मार्च 2026 में ही नपा की 83 .73 लाख रुपए की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि सीधे बिजली कंपनी के खाते में चली गई. नगर पालिका का आरोप है कि बिजली कंपनी के रिकॉर्ड में ये बोरवेल चालू दिखाए जा रहे हैं. चूंकि मौके पर कोई रीडिंग लेने नहीं जाता, इसलिए औसत या फिक्स चार्ज के आधार पर भारी-भरकम बिल जनरेट किए जा रहे हैं.

# दतिया में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**दतिया, 12 अप्रैल. शहर के मंगल ढाबा के पीछे स्थित सिंगलपुरा क्षेत्र में राजस्व, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने निजी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की. प्रशासन ने जेसीबी की मदद से पक्के निर्माण को ढहा दिया.**

सर्वे नंबर 2219/3/1/1, 2219/3/1/ग/2 और 2219/3/1/ग/3 की जमीन को लेकर हरिराम, रामसेवक, नंदराम और भगवानदास ने तहसीलदार न्यायालय में मामला दर्ज कराया. सुनवाई के बाद न्यायालय ने पीड़ितों के पक्ष में फैसला देते हुए कब्जा दिलाने के निर्देश दिए थे.



**जेसीबी से पक्का अतिक्रमण हटाया**

कोर्ट के आदेश के पालन में प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. उक्त भूमि पर जीतू, बृजेश, नानक, अर्जुन, रामबाबू, प्रकाश और लालाराम प्रजापति द्वारा कब्जा किया गया था. कार्रवाई के दौरान परिवार के कुछ सदस्यों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने एक न सुनते हुए कार्रवाई जारी रखी और पंचनामा तैयार किया. शिकायतकर्ताओं ने कार्रवाई को अधूरा बताते हुए नाराजगी जताई है.

## 16 .56 लाख रुपए का गोल्ड लोन घोटाला

**जबलपुर.** लार्डगंज थाना अंतर्गत सुपर मार्केट पंजाब नेशनल बैंक शाखा में बैंक के पैनल वैल्यूअर्स ने ग्राहकों के साथ मिलकर नकली सोने के जेवर गिरवी रखे और बैंक से 16.56 लाख का गोल्ड लोन लेकर हड़प लिया. मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस के मुताबिक पंजाब नेशनल बैंक जवाहरगंज शाखा थाना लार्डगंज में पैनल वैल्यूअर्स राजीव सोनी एवं आशुतोष सराफ के द्वारा बैंक में गोल्ड लोन प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों द्वारा लाये गए नकली आभूषणों को वास्तविक सोना बताते हुए गोल्ड का मूल्यांकन किया गया.

# आंखों के सामने बॉयफ्रेंड से पति की कराई हत्या

**भिंड, 12 अप्रैल. चंबल के बीहड़ में एक युवक को गोलियां मारी गई थीं. फायरिंग के बाद लाश सड़क पर पड़ी रही थी. इस मामले में मृतक की पत्नी को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

एसपी असित यादव के मुताबिक नीलेश जाटव पत्नी रूबी और तीन साल की बेटी के साथ भिंड से गांव खिरिका लौट रहा था. जैसे ही वे अटेर थाना क्षेत्र के रमटा गांव के पास चंबल के बीहड़ इलाके में पहुंचे. भिंड से निकलते ही रूबी ने प्रेमी विशाल जाटव को मैसेज कर लोकेशन और समय की जानकारी दी थी. उसने रमटा गांव के पास मिलने का इशारा किया, ताकि सुनसान इलाके में वारदात हो सके. रास्ते में



रूबी ने साजिश के तहत पर्स सड़क पर गिराया. पति से उसे उठाने के लिए बाइक रुकवाई. जैसे ही नीलेश उतरा, वह बेटी को लेकर किनारे हट गई. यह हमले का तय संकेत था.

नीलेश जाटव को पीछे से गोली मारी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हालांकि, अभी तक स्पष्ट नहीं है कि कितनी गोलियां चलाई गईं. हमले में पिस्टल या कट्टे का इस्तेमाल हुआ. पुलिस इसकी जांच कर रही है.

**पत्नी ने इसलिए कराई हत्या**

जांच में सामने आया कि रूबी का जीजा के छोटे भाई विशाल जाटव से शादी से पहले से प्रेम संबंध था. शादी के बाद भी दोनों संपर्क में रहे. नीलेश को इसकी जानकारी हो गई थी. वह विरोध करता था. पत्नी अपने शौहर का मर्डर कराकर प्रेमी से शादी करना चाहती थी. प्रेम संबंध के चलते ही रूबी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची. वारदात के बाद उसने परिजन और रिश्तेदारों को बताया कि अज्ञात बदमाशों ने लूट के इरादे से हमला कर पति की हत्या की है. लेकिन पुलिस ने राजफाश कर दिया.

## जलती चिता पर लेट गया युवक, जिंदा जला, मौत

**जबलपुर.** खितौला थाना अंतर्गत हिरन नदी तट स्थित मुक्तिधाम में जलती चिता पर युवक लेट गया और जिंदा जल गया. परिजनों के अनुसार शिव कोल पिता विनोद कोल 30 वर्षीय निवासी लखराम मोहल्ला का सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे अपने घर से अचानक कहीं चला गया था. सुबह जब वह बिस्तर पर नहीं मिला, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला, तो सुबह 8 बजे खितौला थाने में उसकी गुमशुदगी की सूचना दी. तलाश के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मुक्तिधाम परिसर में एक युवक मृत अवस्था में पाया गया है. मौके पर पहुँचे परिजनों ने शव की पहचान की.

# अस्पतालों में बेहतर सुविधाओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शुक्ल

**20 बेड की व्यवस्था है नए विभाग में**

**16 सामान्य और 4 आईसीयू बेड शामिल हैं**

**रीवा , 12 अप्रैल.** राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय संस्थानों में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में नव स्थापित गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के अत्याधुनिक उपकरणों का भोपाल से वर्चुअल लोकार्पण किया.

यह पहल आमजन को बेहतर और सुलभ इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का आभार व्यक्त किया, जिसने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी



के तहत आधुनिक मशीनों की स्थापना में सहयोग दिया. इस नई सुविधा से न केवल मरीजों को स्थानीय स्तर पर उन्नत उपचार मिलेगा, बल्कि मेडिकल छात्रों को भी उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त होगा. नए विभाग में 20 बेड की व्यवस्था है, जिनमें 16 सामान्य और 4 आईसीयू बेड शामिल हैं.

यहाँ एडवांस्ड गैस्ट्रो एंटरोलॉजी स्किल लैब स्थापित की गई है, जो आधुनिक इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी तकनीकों से लैस है. इन उपकरणों की मदद से लिवर रोग, पित्त नली की पथरी, कैंसरजनित पीलिया, पैंक्रियाटाइटिस, आंतों के रोग और अल्सरेटिव कोलाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों का सटीक उपचार संभव होगा.

इंटरवेंशनल एंडोस्कोपी तकनीक से बिना बड़े ऑपरेशन के जटिल प्रक्रियाएँ की जा सकेंगी, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम खर्च और शीघ्र रिकवरी मिलेगी. 6 अप्रैल से शुरू हुए इस विभाग में अब तक 18 सफल प्रक्रियाएँ की जा चुकी हैं, जो इसकी उपयोगिता और दक्षता को दर्शाती हैं.

## मानव तस्करी के शक में ट्रेन से 170 मुस्लिम बच्चों को उतारा

**भोपाल.** पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने देर रात मध्य प्रदेश के कटनी स्टेशन पर एक ट्रेन से लगभग 170 मुस्लिम बच्चों को मानव तस्करी के संदेह पर नीचे उतार लिया. उन्हें यह सूचना मिली थी कि इन बच्चों की मानव तस्करी हो सकती है. इन बच्चों में से ज्यादातर बिहार के नाबालिग थे. वे पटना-पुणे एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे. बताया जा रहा है कि उन्हें बिहार से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था. रेलवे पुलिस बल निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के अनुसार, उन्हें यह जानकारी मिली थी कि लगभग 167 मुस्लिम बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में यात्रा कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि आरपीएफ, जीआरपी और महिला एवं बाल विकास विभाग की एक संयुक्त टीम ने कटनी स्टेशन पर ट्रेन की जांच की और सभी बच्चों को नीचे उतारा. साथ ही उन कुछ लोगों को भी सुरक्षित रूप से नीचे उतारा गया.



# उपभोक्ताओं ने किया हाईवे जाम

- विजयपुर एसडीएम के बंगले के सामने प्रदर्शन

**श्योपुर, 12 अप्रैल. विजयपुर में घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी से नाराज उपभोक्ताओं ने एसडीएम बंगले के सामने एमएस रोड पर जाम लगा दिया. इस प्रदर्शन के कारण श्योपुर-विजयपुर हाईवे पर यातायात बाधित रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को परेशानी हुई.**

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से गैस एजेंसियों पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं. बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे घरों में भोजन पकाने में कठिनाई आ रही है. समस्या के बारे में कई बार अधिकारियों को सूचित किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही प्रभारी तहसीलदार रविशंकर शर्मा और पुलिस टीम मौके पर पहुंची. अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उन्हें जल्द ही गैस आपूर्ति सुचारु करने का आश्वासन दिया. लंबी चर्चा के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम समाप्त कर दिया.

# 16 .56 लाख रुपए का गोल्ड लोन घोटाला

**जबलपुर, 12 अप्रैल. लार्डगंज थाना अंतर्गत सुपर मार्केट पंजाब नेशनल बैंक शाखा में बैंक के पैनल वैल्यूअर्स ने ग्राहकों के साथ मिलकर नकली सोने के जेवर गिरवी रखे और बैंक से 16.56 लाख का गोल्ड लोन लेकर हड़प लिया. मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है.**

पुलिस के मुताबिक पंजाब नेशनल बैंक जवाहरगंज शाखा थाना लार्डगंज में पैनल वैल्यूअर्स राजीव सोनी एवं आशुतोष सराफ के द्वारा बैंक में गोल्ड लोन प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों द्वारा लाये गए नकली आभूषणों को वास्तविक सोना बताते हुए गोल्ड का मूल्यांकन किया गया.

जो बैंक द्वारा बाद मे स्वतंत्र मूल्यांकन कराये जाने पर पूर्व में किया गया मूल्यांकन गलत पाया गया. आरोपियों द्वारा मिलीभगत करते हुए बैंक के साथ धोखाधडी की गई. बैंक ने ग्राहकों को गोल्ड लोन स्वीकृत किये. षडयंत्र स मामलों में बैंक को 16,56,471 रूपए की क्षति हुई . शाखा प्रबंधक सुभाष कुमार 42 वर्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने राजीव सोनी एवं आशुतोष सराफ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

**नकली सोना गिरवी रख इन्होंने लिया लोन**

जांच में पाया गया कि बुसरा कुरैशी ने नकली सोना रखा जिन्हें लोन ब्याज समेत 2,23,014 एवं लक्ष्मी प्रसाद कड़ेरे को दो गोल्ड लोन ब्याज समेत कुल 4,15,268 रूपए, निशा मंसूरी को ब्याज समेत 2,42,078 रूपए, सुशीला पटेल को ब्याज समेत 2,27,000 रूपए, अचिन उरमलिया को ब्याज समेत 3,30,846 रूपए, सुन्दर लाल साहू को ब्याज समेत कुल 2,09,647 रूपए, सोमनाथ करण को 1,52,000 रूपए का लोन दिया गया था.

# 6वीं की छात्रा के अपहरण का प्रयास, हंगामा करते ही भागे बदमाश

**ग्वालियर, 12 अप्रैल.** बहोड़ापुर इलाके में कक्षा 6वीं की एक छात्रा के अपहरण की कोशिश की गई. कार सवार युवकों ने छात्रा को जबरन अपनी गाड़ी में बिठाने का प्रयास किया लेकिन छात्रा की हिम्मत से यह साजिश असफल हो गयी. छात्रा ने चिल्लाकर लोगों को बुलाने की धमकी दी. जिसके बाद बदमाश घटनास्थल से फरार हो गये. छात्रा ने अपनी शिक्षिका का आपबीती बताई. जिसे बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. छात्रा ऑक्सफोर्ड स्कूल में पढ़ती है. उसने अपनी शिक्षिका को घटना की जानकारी दी. छात्रा ने बताया कि बस स्टॉप पर एक कार उसके पास आकर रुकी.

## जनता की हर समस्या का होगा त्वरित समाधान : विधायक

**सिंगरौली.** भाजपा के 'गाँव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत सिंगरौली विधानसभा के जयंत मंडल में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व विधायक रामनिवास शाह ने किया. इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों के बीच पहुंचकर आत्मीय संवाद स्थापित किया और क्षेत्रवासियों की समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना. इस मौके पर विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि 'जनता की हर समस्या का त्वरित और प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता है.


## मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

**निविदा (द्वितीय) सूचना**

क्रमांक 238/01/2017 / लेखा — इन्दौर दिनांक 08/04/2026

लोक सेवा आयोग कार्यालय, इन्दौर के उपयोग हेतु आउट सोर्स के माध्यम से 07 वाहन चालक मासिक किराया दर पर अधिकतम एक वर्ष हेतु उपलब्ध कराने के अनुबंध किए जाने हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक 23.4.26 तक (दोपहर 12:00 बजे तक) ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा / संविदा की शर्तें व आवेदन फार्म (प्रपत्र) राज्य शासन के ई-टेण्डर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर एवं आयोग कार्यालय की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध है, जिसका शुल्क रूपये 500 / - (अक्षरी रूपये पांच सौ मात्र) ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 24/04/26 को ( दोपहर 12:00 बजे) आयोग कार्यालय मे ऑनलाईन खोली जाएगी।

(कीर्ति खुरासिया)
उप सचिव

G11394/26



## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी, खण्डवा जिला-खण्डवा (म.प्र.)

क्रमांक / / / रीडर - 1 / 2026 — खण्डवा, दिनांक 26/03/2026

:अधिसूचना::

प्ररूप- 'ख'

[ नियम - 5 का उपनियम ( 2 ) ]

क्रमांक-0047/ब-121 / 2025-26 अतएव राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि खण्डवा माईको उद्वहन सिंचाई परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पम्प हाउस क्रमांक -01 से बिछाये जाने वाली भूमिगत राईजिंग मेन पाईप नहर की ब्रांच माईनर पाईप नहर RM 1 जल परिवहन हेतु ग्राम - राईखुटवाल, प.ह.न. - 64, तहसील खण्डवा, जिला - खण्डवा मध्यप्रदेश राज्य में कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक - 19, भीकनगांव जिला - खरगोन ( म.प्र. ) द्वारा भूमिगत पाईप लाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में जिसमें भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए। अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाईपलाईन, केबल डक्ट ( भूमि के उपयोक्ता के अधिकारो का अर्जन ) अधिनियम, 2012 (क्रमांक- 5 सन 2013 ) की धारा -3 की उपधारा ( 1 ) द्वारा प्रदत्त शक्तियो को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा -3 की उपधारा ( 1 ) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाईपलाईन, केबल डक्ट बिछाये जाने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) एवं सक्षम प्राधिकारी खण्डवा, जिला - खण्डवा मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

:: अनुसूची ::

| जिला | तहसील | ग्राम/पटवारी हल्का कमांक | खसरा कमांक | उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| खण्डवा | खण्डवा | ग्राम– राईखुटवाल, प.ह.नं. 64 | 482 | 0.139 |
| | | | 520 | 0.094 |
| | | | 529 | 0.042 |
| | | | 522 | 0.100 |
| | | | 528/3 | 0.006 |
| | | | 528/1 | 0.057 |
| खण्डवा | खण्डवा | ग्राम– राईखुटवाल, प.ह.नं. 64 | 528/2 | 0.019 |
| | | | 526 | 0.048 |
| कुल योग | | | 08 | 0.504 |

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
एवं सक्षम प्राधिकारी खण्डवा
जिला - खण्डवा (म.प्र.)

G11410/26



निविदा आमंत्रण सूचना ( ई - पद्धति)

## मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता

रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म. प्र. )

ज्ञाप क्र. / / सा - 2 /2026-27 — दिनांक 08/04/2026

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू. डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 03/सा./मु.अ./2026–27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर निकलने वाली हरेरी शाखा नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 18.00 कि.मी. की सर्विस बैंक पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण कार्य । | रू. 385.36 लाख (रू. तीन सौ पचासी लाख छत्तीस हजार मात्र) (एम.पी. डब्ल्यूआर..डी. यू.एस.आर. 15/07/2024 संशोधित दिनांक 11/12/2024 एवं एस.एस.आर., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू) | रू. 386000/– (रू. तीन लाख छियासी हजार मात्र) | रू. 15000/– (रू. पन्द्रह हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल छोडकर |
| 2 | 04/सा./मु.अ./2026–27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर निकलने वाली हरेरी शाखा नहर की आर.डी. 18.00 कि.मी. से आर.डी. 35.00 कि.मी. की सर्विस बैंक पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण कार्य । | रू. 359.58 लाख (रू. तीन सौ उनसठ लाख अन्ठावन हजार मात्र) (एम.पी. डब्ल्यूआर..डी. यू.एस.आर. 15/07/2024 संशोधित दिनांक 11/12/2024 एवं एस.एस.आर., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू) | रू. 360000/– (रू. तीन लाख साठ हजार मात्र) | रू. 15000/– (रू. पन्द्रह हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल छोडकर |
| 3 | 05/सा./मु.अ./2026–27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर निकलने वाली हरेरी शाखा नहर की आर.डी. 35.00 कि.मी. से आर.डी. 52.83 कि.मी. की सर्विस बैंक पर डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण कार्य । | रू. 362.61 लाख (रू. तीन सौ बासठ लाख इकसठ हजार मात्र) (एम.पी. डब्ल्यूआर..डी. यू.एस.आर. 15/07/2024 संशोधित दिनांक 11/12/2024 एवं एस.एस.आर., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू) | रू. 363000/– (रू. तीन लाख त्रेसठ हजार मात्र) | रू. 15000/– (रू. पन्द्रह हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल छोडकर |
| 4 | 06/सा./मु.अ./2026–27 दिनांक 08/04/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना के अन्तर्गत बरगी कालोनी बगासपुर में स्थित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के चारो ओर बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य । | रू. 48.68 लाख (रू. अडतालीस लाख अडसठ हजार मात्र) (एम.पी. डब्ल्यूआर..डी. यू.एस.आर. 15/07/2024 एवं एम.पी. पी.डब्ल्यू.डी. यू.एस.आर. 01/01/2024 पर लागू) | रू. 50000/– (रू. पचास हजार मात्र) | रू. 5000/– (रू. पांच हजार मात्र) | 06 माह वर्षाकाल छोडकर |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय - दिनांक 21.04.2026, 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता
रानी अवती बाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

G11412/26